<u>संदेश</u>

छठ पूजा के अवसर पर मैं देश और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

देश के प्राचीनतम त्योहारों में से एक, छठ पूजा इस मायने में विशेष है कि इसमें अस्त होते हुए सूर्य को 'अर्घ्य' देने का विधान है। छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुगण कठोर उपवास के पश्चात् नदियों तथा जलाशयों में पवित्र स्नान करके इस पूजा का समापन करते हैं। इस प्रकार यह पर्व, सूर्यदेव और समूची प्रकृति के साथ हमारे अंत:-संबंध को दर्शाने का अनूठा अवसर होता है।

मेरी कामना है कि यह त्योहार प्रकृति के साथ हमारे परम्परागत जुड़ाव को और मजबूत करे और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारे संकल्प को सुदृढ़ करे।

****